छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | प्रथम सत्र | अंक-14

रायपुर, बुधवार, दिनांक 12 फरवरी, 2014

(माघ-23, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.01 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 11 (कुल 11) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्न संख्या 02 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री अमित अजीत जोगी के स्थान पर डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य अधिकृत थीं।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 14 तारांकित एवं 21 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि- माननीय सदस्यों हेतु विधान सभा भवन स्थित एलोपैथिक चिकित्सालय में दिनांक 12 फरवरी से 14 फरवरी, 2014 तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित है। माननीय सदस्य प्रात: 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य शिविर का लाभ उठायें।

3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) सर्वश्री भूपेश बघेल, अमरजीत भगत, लखेश्वर बघेल, सदस्य ने जिला रायपुर के नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक-11 निवासी तीन युवतियों के गायब होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य ने जिला बस्तर अंतर्गत एन.एम.डी.सी. प्लांट स्थापना हेतु अधिगृहित की गई जमीन के प्रभावितों को नौकरी न दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

4. नियम 267-क के अधीन विषय

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

1. श्री धनेन्द्र साहू
2. डॉ.विमल चोपड़ा
3. श्री संतोष उपाध्याय
4. श्री मनोज सिंह मंडावी
5. श्री राजमहंत सांवलाराम डाहरे

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित उपस्थित सदस्यों की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

1. श्री संतोष उपाध्याय
2. श्री दलेश्वर साहू

6. वर्ष 2014-2015 की अनुदान मांगों पर चर्चा

(1) श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री ने संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय से संबधित मांग संख्या 26, पर्यटन से संबंधित मांग संख्या 37, राज्य विधान मंडल से संबंधित मांग संख्या 28, पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 30, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं से संबंधित मांग संख्या 59 एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 80 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-26 पर श्री अरूण वोरा एवं श्री दलेश्वर साहू **मांग संख्या-37 पर** श्री धनेन्द्र साहू, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री सियाराम कौशिक, अरूण वोरा, मनोज सिंह मंडावी, मोतीलाल देवांगन, शंकर घ्रुवा, (डॉ.) विमल चोपड़ा, मोहन मरकाम, दलेश्वर साहू, उमेश पटेल **मांग संख्या-30 पर** श्री धनेन्द्र साहू, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री गुरूमुख सिंह होरा, श्यामलाल कंवर, मोहन मरकाम, लालजीत सिंह राठिया, दीपक बैज, दलेश्वर साहू, उमेश पटेल **मांग संख्या-80 पर** श्री दलेश्वर साहू, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

(सभापति महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए।)

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।
श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-
सर्वश्री शिवरतन शर्मा, गुरुमुख सिंह होरा,

(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

श्री देवजी भाई पटेल, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री अवधेश सिंह चंदेल, मनोज सिंह मंडावी, मोतीराम चंद्रवंशी,

(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री दलेश्वर साहू, संतोष उपाध्याय, (डॉ.) प्रीतम राम, राजमहंत सांवलाराम डाहरे, मोतीलाल देवांगन,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री नवीन मारकण्डेय, मोहन मरकाम, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सर्वश्री भोलाराम साहू, श्याम बिहारी जायसवाल, केशव चंद्रा, श्रीमती चंपादेवी पावले, डॉ.विमल चोपड़ा, श्रीमती केराबाई मनहर।

श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 39, ग्रामोद्योग से संबंधित मांग संख्या 56, सहकारिता से संबंधित मांग संख्या 17 एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 50 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-39 पर सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, मनोज सिंह मंडावी, अरूण वोरा, मोतीलाल देवांगन, लखेश्वर बघेल, बृहस्पत सिंह, राजेन्द्र कुमार राय, (डॉ.) प्रीतम राम, शंकर ध्रुवा **मांग संख्या-56 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, मोतीलाल देवांगन **मांग संख्या-17 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों एवं कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।
श्री सत्यनारायण शर्मा।

सायं 6.20 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनाँक 13 फरवरी, 2014 (माघ 24, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा